# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सिख ग्रंथियों और डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों ने अंतिम संस्कार से पहले गुरबानी का पाठ किया और तोपों की सलामी दी गई। औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अतिरिक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख दिनेश के. त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरिशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने भी डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश के अलग अलग जिलों में भी पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में निधन हो गया था। वे बानवे वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे।

**********

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से अनुरोध प्राप्त हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद गृह मंत्री अमित शाह ने श्री खरगे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को बताया कि सरकार स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंद्रह जिलों में चलाए जा रहे सौ दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान को प्रदेश के सभी जिलों में चलाए जाने का निर्देश दिया है। टीबी मुक्त भारत संबंधित शासन के वरिष्ठ अधिकारियों, सभी जिलों के जिलाधिकारियों और अन्य अधिकारियों के साथ कल हुई एक वर्चुअल बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए कोविड प्रबंधन मॉडल को अपनाने पर जोर दिया ।

उधर, गोरखपुर जिले के मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रति एक लाख की आबादी पर कम से कम दो हजार संभावित मरीजों की टीबी जांच अवश्य कराएं। वहीं, कुशीनगर जिले में वहां की मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने निक्षय मित्र के तौर पर अपने द्वारा गोद लिये गये मरीज को आज लगातार दूसरी बार पोषण पोटली दी और हालचाल लिया।

**********

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा है कि मंदिर निर्माण की प्रगति पहले से अच्छी हुई है। समिति की बैठक के पहले आज संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि जून दो हजार पच्चीस तक परकोटा के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**अब तक जो कल देखा उसमें जो परकोटा है। जिसमें लगभग आठ लाख चालीस हजार क्यूबीक फीट पत्थर लगने हैं। उसमे अब लगभग तीन लाख क्यूबीक फीट अवषेश रह गया है। यह प्रगति निश्चित रूप से पहले से अच्छी हुई है और इससे आशा जगी है कि हम जून दो हजार पच्चीस तक परकोटा जो लगभग एक किलो मीटर आप जानते ही हैं। उसमें छह मंदिर हैं उसे हम लोग पूर्ण कर सकेगें।**

**********

अयोध्या में चौदह जनवरी के बाद से डबल डेकर बस चलाई जाएगी। श्रद्धालु इस बस में बैठ कर अयोध्या का भ्रमण कर सकेंगे। यह जानकारी प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने आज अयोध्या में दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के साथ साथ श्रद्धालु अयोध्या में भी पहुंचते हैं। इसे देखते हुए जिले में अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था की जाएगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, मऊ और बलरामपुर समेत आसपास के जिलों में आज दिन भर बादल छाए रहे और रुक रुक कर बूंदाबांदी भी हुई। इससे लोगों ने ठंडक का एहसास किया। वहीं, पश्चिमी जिलों में भी वर्षा के कारण तापमान गिरने से ठंड बढ़ गई है। चित्रकूट जिले में हुई बारिश से वहां के किसानों में खुशी है। इस वर्षा से रबी की फसलों को फायदा होगा। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में घने कोहरे की चेतावनी दी है।

**********